# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## इंटरमीडिएट द्विवर्षीय व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा, 2019 के संबंध में आवश्यक सूचना

### विज्ञप्ति संख्या - 14/2019

एतद् द्वारा इंटरमीडिएट द्विवर्षीय व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा, 2019 के सभी छात्र,छात्राओं, प्रधानाध्यापकों, अभिभावकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2017-2019 के लिए पंजीकृत छात्र/छात्राओं का वर्ष 2019 की परीक्षा हेतु सादा परीक्षा आवेदन प्रपत्र, परिषद् के वेबसाइट **www.jac.jharkhand.gov.in** पर उपलब्ध होगा। जिसे संबंधित +2 विद्यालय डाउनलोड कर छात्र/छात्राओं को सादा परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरवाना सुनिश्चित करेंगे।

सादा परीक्षा आवेदन प्रपत्र डाउनलोड की तिथि:- 18.02.2019 से आरम्भ होगी।

**भरे हुए परीक्षा आवेदन पत्र परिषद् में जमा करने की तिथि:-**

विलम्ब शुल्क रहित- दिनांक 19.02.2019 से 25.02.2019 तक।
विलम्ब शुल्क सहित- दिनांक 26.02.2019 से 28.02.2019 तक।

**परीक्षा शुल्क निम्न प्रकार देय:-**

| | |
|---|---|
| 1. परीक्षा शुल्क | : ₹200/- प्रति छात्र/छात्रा। |
| 2. अंक पत्रक शुल्क | : ₹80/- प्रति छात्र/छात्रा। |
| 3. लोकल लेवी | : ₹250/- प्रति छात्र/छात्रा। |
| 4. परीक्षा प्रपत्र शुल्क | : ₹75/- प्रति छात्र/छात्रा। |
| 5. औपबन्धिक शुल्क | : ₹80/- प्रति छात्र/छात्रा। |
| 6. प्रवजन शुल्क | : ₹80/- प्रति छात्र/छात्रा। |
| 7. विविध शुल्क | : ₹30/- प्रति छात्र/छात्रा। |
| 8. व्यावसायिक प्रायोगिक शुल्क | : ₹350/- प्रति छात्र/छात्रा। |
| 9. परीक्षा विलम्ब शुल्क | : ₹275/- प्रति छात्र/छात्रा। |

सभी विहित शुल्क बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **JAC FUND** के नाम से देय होगा एवं राँची प्रमण्डल के लिए राँची, संथाल परगना प्रमण्डल के लिए दुमका एवं पलामू प्रमण्डल के लिए डाल्टनगंज नाम में भुगतेय होगा। नगद भुगतान किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। डाक द्वारा भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

+2 विद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2017-2019 के लिए पंजीकृत छात्र/छात्राओं का पंजीयन प्रमाण-पत्र परिषद् कार्यालय, राँची, संथाल परगना प्रमण्डल के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, दुमका एवं पलामू प्रमण्डल के लिए प्रमण्डलीय कार्यालय, मेदिनीनगर से दिनांक 18.02.2019 से वितरित किया जायेगा। इसे +2 विद्यालय प्रधान स्वयं या प्राधिकृत दूत भेजकर प्राप्त करेगें। पंजीयन रसीद में यदि किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाये, तो **दिनांक 24.02.2019** तक परिषद् कार्यालय में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से जमा कर संशोधित करा लेंगे।

**नोट:**- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के नियमित छात्र/छात्राओं तथा सामान्य वर्ग की नियमित छात्राओं का परीक्षा शुल्क ₹200/- देय नहीं होगा। अन्य शुल्क सामान्य परीक्षार्थियों की तरह देय होगा।

**साथ ही व्यावसायिक विषयों सहित हिन्दी, अंग्रेजी, फाउण्डेसन तथा संबंधित रिलेटेड विषयों के लिए अधिकृत शिक्षकों की सूचि +2 विद्यालय प्रधानाचार्य स्वयं या प्राधिकृत दूत के द्वारा परिषद् को परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि के समय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।**

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./- सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/Inter/VOC/3952/09-SECY/145/19
Dt. 17.02.2019
D.O.P : 18.02.2019